एक नजर में

## स्पिंज़ ने लॉन्च किया नया डी-टैन फेस पैक

इंदौर. केविनकेयर के लोकप्रिय स्किनकेयर ब्रांड स्पिंज़ ने मध्य प्रदेश के उपभोक्ताओं के लिए अपना नया स्पिंज़ डी-टैन फेस पैक पेश किया है. यह आसान और प्रभावी फेस पैक केवल 15 मिनट में त्वचा से टैन हटाकर उसे सैलून जैसी चमक देने का दावा करता ह.। इस लॉन्च के साथ स्पिंज़ ने अपनी स्किनकेयर श्रृंखला को और मजबूत किया है, जिसे पहले से ही स्पिंज़ बीबी क्रीम और भारत के पहले बीबी फेस पाउडर जैसी नवाचारपूर्ण पेशकशों के लिए उपभोक्ताओं का भरपूर प्यार मिला है. इस अवसर पर केविनकेयर-पर्सनल केयर बिज़नेस हेड रजत नंदा ने कहा स्पिंज़ हमेशा से उपभोक्ताओं को ग्लोइंग स्किन देने के अपने वादे पर कायम रहा है. नया डी -टैन फेसपैक इसी दिशा में एक और कदम है, जो प्रभावी डी-टैनिंग के साथ घर बैठे सैलून जैसी चमक प्रदान करता है. आज के उपभोक्ता ऐसे उत्पाद चाहते हैं जो असरदार होने के साथ-साथ किफायती और आसानी से उपलब्ध भी हों.

## पॉलीकैब का इलेक्ट्रीशियन दिवस पर सम्मान समारोह

इंदौर. पॉलीकैब इंडिया लिमिटेड ने भव्य स्तर पर इलेक्ट्रिशियन दिवस मनाया। इस देशव्यापी उत्सव में विभिन्न शहरों के 10,000 से अधिक इलेक्ट्रिशियनों और उनके परिवारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. कंपनी ने उनके गौरव और सम्मान का जश्न मनाते हुए उन्हें महज एक तकनीशियन नहीं, बल्कि इलेक्ट्रिकल सेफ्टी एक्सपर्ट्स के रूप में स्थापित किया, जो लाखों उपभोक्ताओं के लिए सुरक्षित और विश्वसनीय जीवन सुनिश्चित करते हैं. इस अनूठी पहल पर बात करते हुए, पॉलीकैब इंडिया लिमिटेड के सीईओ - बी2सी, इश्विंदर सिंह खुराना ने कहा भारत की प्रगति यात्रा में हमारे लाखों इलेक्ट्रिशियन भाइयों का अतुलनीय योगदान है. उनकी तकनीकी कुशलता, कड़ी मेहनत और सुरक्षा पर उनका ध्यान ही हर कनेक्शन को भरोसेमंद बनाता है. पॉलीकैब में, हम उन्हें महज एक वेंडर या काम करने वाला नहीं, बल्कि जीवन भर का सच्चा साथी मानते हैं. वे सुरक्षित भारत के हमारे दृष्टिकोण का मुख्य हिस्सा हैं. अपने पॉलीकैब एक्सपर्ट्स प्रोग्राम के माध्यम से, हम न केवल उनके योगदान की सराहना करते हैं, बल्कि उन्हें निरंतर अपस्किलिंग, सुरक्षा जागरूकता और दीर्घकालिक विकास के अवसर प्रदान करने के लिए भी तत्पर हैं.

## तारक मेहता में हंसी के साथ मिलेगा इमोशनल ड्रामा

इंदौर. सालों से, बाघा और बावरी असित कुमार मोदी के तारक मेहता का उल्टा चश्मा के सबसे पसंदीदा कपल्स में से एक रहे हैं. उनके मासूम रोमांस, अनोखी केमिस्ट्री और अनगिनत गलतफहमियों ने कई पीढ़ियों का दिल जीता है. उनके साथ, बाघा के साथ नटू काका के रिश्ते ने एक खास अपनापन और ह्यूमर जोड़ा है जिसे दर्शक सालों से संजोते आए हैं. अब, पहली बार, असित कुमार मोदी बाघा और बावरी की लव स्टोरी के इर्द-गिर्द एक पूरी स्टोरी ट्रैक बना रहे हैं, जिसमें इन फैंस के पसंदीदा किरदारों को एक इमोशनल कहानी के सेंटर में लाया गया है जो हंसी, ड्रामा, त्याग और दिल टूटने का वादा करती है. जहां दर्शकों ने सालों से यादगार पलों और हल्के-फुल्के एपिसोड के ज़रिए उनके रिश्ते को फॉलो किया है, वहीं अब वे एक ऐसा चैप्टर देखने वाले हैं जैसा पहले कभी नहीं देखा गया.

## अमेज़न इंडिया ने प्राइम डे के 10वें एडिशन की घोषणा की

इंदौर. अमेज़न ने आज घोषणा की कि प्राइम डे 2026 का 10वां एडिशन 4 जुलाई को रात 12 बजे से शुरू होकर 6 जुलाई को रात 11.59 बजे तक चलेगा, जो प्राइम मेंबर्स के लिए विशेष रूप से तैयार की गई 72 घंटों की डील्स, बचत, नए लॉन्च और विशेष मनोरंजन की पेशकश करेगा. 10 साल के इस मील के पत्थर के हिस्से के रूप में, अमेज़न प्राइम मेंबर्स को 10वीं एनिवर्सरी डील्स% के साथ सभी श्रेणियों में रोमांचक ऑफर्स तक पहुंच दे रहा है, साथ ही एसबीआई और एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड और ईएमआई लेनदेन का उपयोग करके पेमेंट्स पर अतिरिक्त 10% की बचत भी मिलेगी. अभिनव अग्रवाल, डायरेक्टर - प्राइम, अमेज़न इंडिया ने कहा नए लॉन्च और ब्लॉकबस्टर मनोरंजन से लेकर तेजी से डिलीवर होने वाली बेहतरीन डील्स तक, प्राइम डे हमेशा हमारे सदस्यों, विक्रेताओं और ब्रांड पार्टनर्स का जश्न मनाने के बारे में रहा है। जैसा कि हम प्राइम डे के 10वें एडिशन को चिह्नित कर रहे हैं, यह मील का पत्थर इस उत्सव को और भी खास बनाता है, जो पूरे भारत में खरीदारी, बचत और मनोरंजन देने के एक दशक को दर्शाता है.

## भारत में पोवा-8 की बिक्री शुरू

इंदौर. पोवा का अब तक का सबसे दमदार स्मार्टफोन पोवा 8 18 जून से आधिकारिक रूप से पूरे भारत में बिक्री के लिए उपलब्ध होगा. आकर्षक डिज़ाइन, शानदार अलाइव मैट्रिक्स, इंडस्ट्री की सबसे बड़ी 8000एमएएच बैटरी और इंटेलिजेंट ट्रिपल-चिपसेट कनेक्टिविटी के साथ पोवा 8 उन ग्राहकों के लिए तैयार किया गया है जो साधारण विकल्पों से संतुष्ट नहीं होते। पोवा का हमेशा से मानना रहा है कि स्मार्टफोन सिर्फ़ एक डिवाइस नहीं, बल्कि व्यक्ति की पहचान की निशानी होनी चाहिए. पोवा 8 के साथ, ब्रांड ने स्मार्टफोन डिज़ाइन की सीमाओं को और आगे बढ़ाते हुए आर्मर प्लेट डिज़ाइन, मशीन एस्थेटिक्स और डिजिटल आर्किटेक्चर से प्रेरित भविष्यवादी विज़ुअल लैंग्वेज को अपनाया है, जो इसे एक विशिष्ट और आकर्षक पहचान प्रदान करती है. इस अनुभव का केंद्र है अलाइव मैट्रिक्स, एक इंटरैक्टिव रियर लाइटिंग सिस्टम जो म्यूज़िक, नोटिफिकेशन और अन्य गतिविधियों के अनुसार तेज़ी से प्रतिक्रिया देता है. हर पोवा 8 के साथ 3 महीने का मुफ़्त गूगल एआई प्रो सब्सक्रिप्शन और 2टीबी क्लाउड स्टोरेज मिलता है.

## शाओमी ने रेडमी टर्बो-5 लॉन्च किया

इंदौर. शाओमी इंडिया ने रेडमी टर्बो 5 लॉन्च करने की घोषणा की, जिससे भारत में रेडमी टर्बो सीरीज़ की शुरुआत हुई है. उन यूज़र्स के लिए बनाया गया जो अपने स्मार्टफ़ोन से ज़्यादा की उम्मीद करते हैं, रेडमी टर्बो 5 एक प्रीमियम पैकेज में ज़बरदस्त परफ़ॉर्मेंस, बेहतरीन बैटरी लाइफ़, एडवांस्ड इमेजिंग क्षमताएं, शानदार एंटरटेनमेंट और भरोसेमंद मज़बूती देता है. रेडमी टर्बो 5 को मॉडर्न पावर यूज़र के लिए तेज़, स्मूद और रिस्पॉन्सिव अनुभव देने के लिए बनाया गया है. इस अनुभव को बेहतर बनाने के लिए इसमें एलपीडीडीआर5एक्स अल्ट्रा मेमोरी और यूएफएस 4.1 स्टोरेज दिया गया है, जिससे ऐप तेज़ी से खुलते हैं, मल्टीटास्किंग स्मूद होती है और कंटेंट, फ़ाइलों और ऐप्स तक तेज़ी से पहुंच मिलती है. डिवाइस के अंदर मीडियाटेक डाइमेंसिटी 8500 अल्ट्रा चिपसेट है, जिसे पूरे दिन दक्षता बनाए रखते हुए ज़बरदस्त परफ़ॉर्मेंस देने के लिए डिज़ाइन किया गया है. भारी इस्तेमाल के दौरान भी परफ़ॉर्मेंस एक जैसी बनी रहे, इसके लिए रेडमी टर्बो 5 में रेडमी का एडवांस्ड 3डी आईलूप कूलिंग सिस्टम और गेम टर्बो वाइल्ड बूस्ट ऑप्टिमाइज़ेशन दिया गया है, जो लंबे समय तक इस्तेमाल के दौरान तापमान और सिस्टम रिसोर्स को समझदारी से मैनेज करते हैं।

## एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने रोबोटिक्स विजन पर प्रकाश डाला

इंदौर. एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स (एलजी) फिजिकल एआई के नए युग को गति दे रहा है। कंपनी अपने एलजी क्लोइड रोबोट, जिसे पहली बार सीईएस 2026 में पेश किया गया था, के माध्यम से इस तकनीक को फैक्ट्रियों से निकालकर घरों, मोबिलिटी समाधानों, कमर्शियल स्पेस और औद्योगिक वातावरण सहित विभिन्न क्षेत्रों में विस्तारित कर रही है. विविध परिवेशों की गहन समझ, अत्याधुनिक रोबोटिक्स तकनीकों और एक मजबूत फिजिकल एआई इकोसिस्टम के बल पर एलजी वैश्विक रोबोटिक्स बाजार में अपनी उपस्थिति को और मजबूत कर रहा है. इसे चार आपस में जुड़े हुए प्रमुख आधार संभव बना रहे हैं, जो एलजी को फिजिकल एआई को कारखानों और कमर्शियल स्थानों से घरों तक लाने में सक्षम बनाते हैं- दुनिया भर में लाखों कनेक्टेड होम अप्लायंसेज के माध्यम से जुटाए गए दशकों के कंज्यूमर इनसाइट्स और ऑपरेशनल डेटा. आवासीय, कमर्शियल और औद्योगिक वातावरण में रोबोटिक्स के विकास का 20 वर्षों से अधिक का अनुभव. कोर रोबोटिक्स प्रौद्योगिकियां. एलजी ग्रुप के सहयोग से तैयार किया गया एक अनूठा फिजिकल एआई इकोसिस्टम।

## मेटा के इंस्टाग्राम और फेसबुक पर नए सुरक्षा अपडेट

इंदौर. मेटा ने इंस्टाग्राम, फेसबुक और मैसेंजर पर टीनेजर्स के लिए सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से कई नए अपडेट्स लाए है. ये अपडेट्स मुख्य रूप से इस पर ध्यान केंद्रित करते हैं कि किशोरों को सही सुरक्षा सेटिंग्स प्राप्त हों, माता-पिता को अपने बच्चों के ऑनलाइन अनुभवों की बेहतर जानकारी प्राप्त हो, और टीनेजर्स की सेहत का समर्थन करने वाले सुरक्षा उपायों का विस्तार किया जा सके. इन फीचर्स के ग्लोबल लॉन्च पर बात करते हुए, मेटा इंडिया की पब्लिक पॉलिसी डायरेक्टर नताशा जोग ने कहा, किशोरों को सुरक्षित रखना हमारी सबसे महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं में से एक है। ये अपडेट्स - जिनमें इंस्टाग्राम, फेसबुक और मैसेंजर पर 13+ कंटेंट सेटिंग्स से लेकर, एआई-संचालित उम्र का पता लगाने वाली तकनीक और नए पैरेंटल अलर्ट शामिल हैं, डिफ़ॉल्ट रूप से उम्र के अनुकूल अनुभव तैयार करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं.

# मध्यप्रदेश को देश का आईटी केंद्र बनाएंगे : मोहन यादव

- आज निर्माणाधीन आईटी पार्क का किया निरीक्षण



नवभारत न्यूज़

**इंदौर. उज्जैन-इंदौर मेट्रोपालिटन रीजन परिवर्तन का ग्रोथ इंजन बनेगा. आईटी पार्क-3, आईटी पार्क-4, आईटी पार्क उज्जैन, इंदौर- पीथमपुर इकोनामिक कॉरिडोर और निजी क्षेत्र की योजनाएं मिलकर आधुनिक इकोसिस्टम तैयार करेगी. उक्त योजना से मध्यप्रदेश को डिजिटल अर्थव्यवस्था की ऊंचाइयों तक पहुंचाने में मदद मिलेगी. मध्यप्रदेश को देश का आईटी केंद्र बनाना हमारा संकल्प है.**

यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज निर्माणाधीन आई टी पार्क-3 के निरीक्षण के दौरान कही. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंदौर को हम प्रदेश के आईटी क्षेत्र की राजधानी में विकसित कर रहे हैं. आने वाले वर्षों में यहां विकसित होने वाला आईटी पार्कों का समग्र इकोसिस्टम प्रदेश को नई आर्थिक गति प्रदान करेगा. उन्होंने कहा कि आईटी पार्क प्रदेश को ग्लोबल केपीबिलिटी सेंटर का प्रमुख केंद्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा. निर्माणाधीन आईटी पार्क ग्रीन बिल्डिंग के रूप में विकसित किया जा रहा है. इसके निर्माण पर 557 करोड़ रुपए की लागत आएगी. 22 मंजिला भवन में 11.25 लाख वर्गफीट क्षेत्रफल के साथ मध्य भारत का सर्वश्रेष्ठ आईटी पार्क बनने जा रहा है.

इस दौरान जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्पमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला, मधु वर्मा, मनोज पटेल एवं पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर शिवम वर्मा, एमपीआईडीसी सीईओ हिमांशु प्रजापति सहित जनप्रतिनिधि एवं संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद थे.



## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का गरिमामय स्वागत

नवभारत न्यूज़

**इंदौर.** द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को अपने पांच दिवसीय मध्य प्रदेश प्रवास के तहत अल्प प्रवास पर इंदौर पहुंचीं. देवी अहिल्याबाई होल्कर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर उनका आत्मीय स्वागत किया गया.

राज्य की ओर से उनका स्वागत मुख्यमंत्री मोहन यादव ने किया. इस अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति को पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिवादन किया. स्वागत समारोह में कई वरिष्ठ मंत्री एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे. इनमें नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, मुख्य सचिव अनुराग जैन, पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव सहित विधायक मालिनी गौड़, रमेश मेंदोला एवं मनोज पटेल उपस्थित रहे. अल्प प्रवास के पश्चात राष्टपति विशेष हेलीकॉप्टर से अपने निर्धारित कार्यक्रमों के लिए रवाना हो गईं.

## नीट परीक्षा से पहले रेलवे का तोहफा मध्यप्रदेश से मुंबई तक मिलेगी अतिरिक्त ट्रेन सुविधा

नवभारत न्यूज़

**इंदौर.** नीट परीक्षा के दौरान बढ़ने वाली यात्रा मांग और यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने इंदौर-भोपाल-रतलाम तथा डॉ. अम्बेडकर नगर-बांद्रा टर्मिनस के बीच विशेष किराये पर स्पेशल ट्रेनों के संचालन की घोषणा की है.

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार ट्रेन संख्या 09354 इंदौर-भोपाल स्पेशल 20 जून को सुबह 11.25 बजे इंदौर से चलकर फतेहाबाद चंद्रावतीगंज, बड़नगर, रतलाम, नागदा, उज्जैन, मक्सी, शुजालपुर और सीहोर होते हुए शाम 7 बजे भोपाल पहुंचेगी. वहीं ट्रेन संख्या 09353 भोपाल-रतलाम स्पेशल उसी दिन शाम 7.40 बजे भोपाल से रवाना होकर अगले दिन रात 12.55 बजे रतलाम पहुंचेगी. इस ट्रेन में स्लीपर और जनरल सेकंड क्लास कोच रहेंगे. इसके अलावा ट्रेन संख्या 09352 डॉ. अम्बेडकर नगर-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल 19 जून को रात 11 बजे डॉ. अम्बेडकर नगर से रवाना होकर इंदौर, उज्जैन, रतलाम और दाहोद होते हुए अगले दिन दोपहर 3.40 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी. वापसी में ट्रेन संख्या 09351 बांद्रा टर्मिनस-डॉ. अम्बेडकर नगर स्पेशल 20 जून को शाम 6.20 बजे बांद्रा टर्मिनस से चलकर अगले दिन सुबह 11.30 बजे डॉ. अम्बेडकर नगर पहुंचेगी. यह ट्रेन इंदौर, उज्जैन, रतलाम, दाहोद, गोधरा, छायापुरी, भरूच, अंकलेश्वर, सूरत, नवसारी, बिलीमोरा, वलसाड, वापी, पालघर और बोरीवली सहित विभिन्न स्टेशनों पर ठहरेगी.

# नहीं बदलेगा कॉलोनियों का संपत्ति कर रेट झोन

- मल्टीप्लेक्स पर टैक्स एवं विनियमित कर्मचारी होंगे स्थाई
- एमआईसी की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय



नव भारत न्यूज

**इंदौर. गुरूवार को महापौर परिषद की बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के मकान, विनियमित कर्मचारी को स्थाई, कॉलोनियों के संपत्ति कर रेट झोन नही बदलने और मल्टीफ्लैक्स में विज्ञापन प्रसारण पर टैक्स वसूलने जैसे महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए.**

आज नगर निगम मुख्यालय पर महापौर सभाकक्ष में एमआईसी की बैठक हुई. बैठक में शहर में निगम के विनियमित कर्मचारियों को स्थाई करने पर नियमानुसार सहमति दी गई. नगरीय क्षेत्र में स्थित श्मशान एवं कब्रस्तान के संचालन के नियम बनाने, जल संरक्षण 10 रिचार्ज प्वाइंट निर्माण, छोटी ग्वालटोली रोटरी में सरदार पटेल की नई प्रतिमा लगाने, इण्डो थाई सिक्योरिटी लिमिटेड द्वारा सीएसआर से स्क्रैप से बना सेवन स्टार स्मारक स्थापित करने पर सहमति दी गई. इसके साथ ही शहर के सभी मल्टी फ्लेक्स और सिनेमाघरों में विज्ञापन प्रसारण पर टैक्स लेने का निर्णय किया गया है. प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 आवास में प्रस्तावित 8100 आवासीय इकाईयों के निर्माण के टेंडर भी मंजूर किया गया है. विभिन्न झोनों में स्थित कालोनियों के रेट झोन बदलने के प्रस्ताव को रोक दिया गया. बैठक में आयुक्त क्षितिज सिंघल, एमआईसी राजेन्द्र राठौर, निरंजनसिंह चौहान, अश्विनी शुक्ल, अभिषेक शर्मा, नंदकिशोर पहाडिया, राकेश जैन, मनीष शर्मा, राजेश उदावत, प्रिया डांगी एवं सभी अपर आयुक्त, विभाग प्रमुख तथा निगम अधिकारी उपस्थित थे.

### इन कार्यों की भी दी स्वीकृति

इसके अलावा शहर निगम सफाईकर्मियों को दुर्घटना में आर्थिक सहायता, फूटी कोठी चौराहे पर सर्विस रोड निर्माण, विश्राम बाग में फूड कोर्ट के संचालन, टिगरिया बादशाह मेन रोड से कुशवाह नगर होकर उज्जैन नाका बाणगंगा तक लिंक रोड निर्माण कार्य, चंदन नगर चौराहा पर फ्लाई ओवर निर्माण में बाधक प्राईमरी सीवर लाईन शिफ्टिंग कार्य की मंजूर दी गई.

# शास्त्री ब्रिज के पुनर्निर्माण को 139 करोड़ की मंजूरी

- 4-लेन आरओबी से यातायात होगा सुगम



नवभारत न्यूज़

**इंदौर. भारतीय रेल ने इंदौर यार्ड स्थित आरओबी संख्या 103-सी शास्त्री ब्रिज के पुनर्निर्माण के लिए 139 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है. परियोजना के तहत 72 मीटर लंबे कैमल-बैक सुपर-स्ट्रक्चर, पीएससी गर्डरों और वायाडक्ट व्यवस्था सहित आधुनिक 4-लेन रोड ओवर ब्रिज का निर्माण किया जाएगा.**

बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए तैयार किए जा रहे इस पुल के नीचे दोनों ओर 6-6 मीटर चौड़ी सर्विस रोड भी बनाई जाएंगी, जिससे ट्रैफिक जाम कम होगा और स्थानीय आवागमन सुगम बनेगा. परियोजना में सीवर लाइन के स्थानांतरण व उन्नयन, नई जल निकासी व्यवस्था तथा विद्युत अवसंरचना के आधुनिकीकरण का कार्य भी शामिल है. नए बिजली खंभे और आधुनिक प्रकाश व्यवस्था स्थापित की जाएगी. भारतीय रेल के अनुसार, शास्त्री ब्रिज के पुनर्निर्माण से इंदौर में सड़क-रेल संपर्क बेहतर होगा, यातायात बाधाएं कम होंगी और नागरिकों को सुरक्षित एवं सुविधाजनक आवागमन की सुविधा मिलेगी. यह परियोजना शहर की बढ़ती परिवहन आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी.

### इंदौर की रीढ़ की तरह कार्य किया

शास्त्री ब्रिज शहर का पहला प्रमुख रेलवे ओवरब्रिज माना जाता है, जिसका निर्माण वर्ष 1953 में पूरा हुआ था. यह पुल शहर के यातायात विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ और लंबे समय तक इंदौर की 'रीढ़' की तरह कार्य करता रहा. इसका उद्घाटन 12 जनवरी 1953 को तत्कालीन रेल एवं परिवहन मंत्री (और बाद में भारत के प्रधानमंत्री) लाल बहादुर शास्त्री द्वारा किया गया था. उन्हीं के नाम पर इस पुल का नाम 'शास्त्री ब्रिज' रखा गया. लगभग 1 करोड़ रुपए की लागत से बना यह पुल दशकों तक इंदौर के यातायात को सुगम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है.

## प्रधानमंत्री विकसित भारत योजना के तहत रोजगार उत्सव का लाइव प्रसारण आज इंदौर में

नवभारत न्यूज़

**इंदौर. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आरंभ की गई प्रधानमंत्री विकसित भारत योजना के अंतर्गत आयोजित रोजगार मेला/रोजगार उत्सव का सीधा प्रसारण आज इंदौर और धार सहित देशभर के 200 से अधिक भविष्य निधि कार्यालयों में किया जाएगा.**

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री रोजगार प्राप्त लाभार्थियों को प्रोत्साहन राशि वितरित करेंगे तथा देशभर के लाभार्थियों को संबोधित करेंगे. उनके संबोधन का लाइव प्रसारण सभी निर्धारित केंद्रों पर देखा और सुना जा सकेगा. इंदौर और धार में आयोजित कार्यक्रमों में रोजगार प्राप्त युवा, नियुक्तकर्ता कंपनियों के प्रतिनिधि, विशिष्ट नागरिक तथा प्रशासनिक अधिकारी शामिल होंगे. कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा इंदौर में यह कार्यक्रम आज शाम 4 बजे से सी पी तिवारी ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा. कार्यक्रम का उद्देश्य रोजगार प्राप्त युवाओं को प्रोत्साहित करना तथा केंद्र सरकार की रोजगारोन्मुखी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक हितग्राहियों तक पहुंचाना है। आयोजकों ने लाभार्थियों एवं आमंत्रित अतिथियों से समय पर उपस्थित रहने की अपील की है.

# शहर में आज से पहली बार घर बैठे मिलेगा डीजल

- सुखमणि पेट्रो ने शुरू की नई सुविधा




नवभारत न्यूज़

**इंदौर. शहर के पलसीकर कॉलोनी स्थित सुखमणि पेट्रो फिलिंग स्टेशन भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड डीलर ने ग्राहक सुविधा को विस्तार देते हुए डीजल होम डिलीवरी सेवा शुरू की है. भारत पेट्रोलियम की नई पहल 'जिप्प फ्यूल' के तहत इंदौर में पहली बार ग्राहकों को जेरी कैन के माध्यम से डीजल की आपूर्ति की जाएगी.**

फिलिंग स्टेशन प्रबंधन के अनुसार अब ग्राहक अपनी आवश्यकता के अनुसार घर बैठे डीजल मंगा सकेंगे. डीजल की आपूर्ति पेसो (पेट्रोलियम एंड एक्सप्लोसिव्स सेफ्टी ऑर्गेनाइजेशन) से अनुमोदित विशेष कैनों में की जाएगी, जिससे सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित होगा. हाल के महीनों में सरकार द्वारा केवल पेसो-अनुमोदित कैनों में ही डीजल उपलब्ध कराने के निर्देश जारी किए गए थे. इसके बाद कई उपभोक्ताओं को डीजल प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था. विशेष रूप से कृषि, निर्माण और जनरेटर संचालन से जुड़े उपभोक्ताओं को बार-बार पेट्रोल पंप तक आना पड़ता था. ग्राहकों की इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए सुखमणि पेट्रो फिलिंग स्टेशन ने जेरी कैन के माध्यम से डीजल डिलीवरी सेवा शुरू करने का निर्णय लिया है. पेट्रोल पंप प्रबंधन के राजेन्द्र वासु का कहना है कि यह पहल ग्राहकों को सुरक्षित, सुविधाजनक और समयबद्ध सेवा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. सुखमणि पेट्रो ने उम्मीद जताई है कि यह नई सेवा उपभोक्ताओं के लिए उपयोगी साबित होगी और उन्हें डीजल की उपलब्धता से जुड़ी परेशानियों से राहत मिलेगी.

# लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन पर टिकट काउंटर नए भवन में शिफ्ट

### यात्रियों को मिली सुविधा

नवभारत न्यूज़

**इंदौर. लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन पर पुनर्विकास कार्य के तहत अब टिकट बुकिंग काउंटर को पुराने भवन से हटाकर नए स्टेशन भवन में स्थानांतरित कर दिया गया है. इसके साथ ही यात्रियों को अब टिकट लेने और प्लेटफॉर्म तक पहुंचने के लिए सीधे नए भवन का उपयोग करना होगा.**

रेलवे प्रशासन द्वारा स्टेशन पर दो नए प्लेटफॉर्म और अतिरिक्त रेल लाइन के निर्माण की तैयारी की जा रही है. इसी वजह से पुराने स्टेशन भवन को चरणबद्ध तरीके से खाली कराया जा रहा है. इससे पहले 12 जून 2026 को ट्रेन संचालन से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं भी नए भवन में शिफ्ट कर दी गई थीं.



### नए स्वरूप में आएगा नजर

नए भवन में टिकट काउंटर शुरू होने के बाद यात्रियों को अब बेहतर और व्यवस्थित सुविधा मिल रही है. हालांकि, निर्माण कार्य अभी जारी है और पूरी परियोजना के पूरा होने तक स्टेशन परिसर में बदलाव का काम चलता रहेगा. रेलवे अधिकारियों के अनुसार, पुनर्विकास पूरा होने के बाद लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन आधुनिक सुविधाओं, नए प्लेटफॉर्म और बेहतर यात्री व्यवस्था के साथ एक नए स्वरूप में नजर आएगा.



## नि :शुल्क नेत्र व दंत चिकित्सा शिविर

**इंदौर.** तिलकेश्वर पार्श्वनाथ सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं सेवा संस्थान ट्रस्ट द्वारा संचालित तिलकेश्वर हेल्थ केयर प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र नेत्र एवं दन्त चिकित्सा शिविर तिलक नगर पर आयोजित किया गया.

मानव सेवा संयोजक अनोखी लाल जैन ने बताया कि इस शिविर में 280 मरिजों की नि:शुल्क शुगर, केल्शियम एवं थाइरोइड और बीपी की जांच (मोतियाबिंद निवारण एवं दांतों की सफाई, मुख रोग जांच दाड़ दांत निकालना डेंटल कॉलेज राऊ मोतियाबिंद ऑपरेशन चोईथराम नेत्रालय, द्वारा किया गया ब्लड की सम्पूर्ण जांच नि:शुल्क की गई. इस शिविर के लाभार्थी शान्तादेवी मारु की स्मृति में संपतमल मारु एवं मारु परिवार. इस अवसर पर समाज सेवी मुकेश जैन पोरवाल, वीरेन्द्र पगारिया, संध्या पगारिया, नरेन्द्र कुमार जैन, अशोक गोखरु, देवेन्द्र जैन, विनोद जैन, सौरभ कोठारी, डॉक्टर आशीष जैन, विजय ओसवाल, जिनेश पगारिया आदि सहरानी सहयोग रहा.

एक नजर में | मुख्यमंत्री मोहन यादव ने देखी छात्राओं की स्पेस लैब

# सीएम ने छात्राओं से पूछा- बड़े होकर क्या बनना चाहती हो?

नवभारत न्यूज़

**इंदौर, 18 जून. स्कूल चले हम अभियान के तहत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को बड़ा गणपति स्थित शासकीय शारदा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंचे. यहां उन्होंने छात्राओं द्वारा संचालित अत्याधुनिक 'स्पार्क एस्ट्रोनॉमी लैब' का निरीक्षण किया और स्मार्ट क्लास में पहुंचकर बच्चों से आत्मीय संवाद किया.**



मुख्यमंत्री जैसे ही खगोलीय प्रयोगशाला में पहुंचे, छात्राओं ने आत्मविश्वास के साथ उन्हें दूरबीन, ग्रह-नक्षत्र ट्रैकिंग सिस्टम, सौर मंडल, रॉकेट और सैटेलाइट मॉडल्स की जानकारी दी. स्पेस-थीम पर तैयार लैब में प्रदर्शित वैज्ञानिक मॉडल और आकर्षक भित्तिचित्रों को देखकर मुख्यमंत्री ने छात्राओं की सराहना की. लैब में मौजूद छात्रा प्राची जैन ने बताया कि उन्हें खगोल विज्ञान में विशेष रुचि है और इस प्रयोगशाला से अंतरिक्ष को समझने का अवसर मिला है. वहीं वंशिका प्रजापत ने कहा कि आधुनिक उपकरणों के माध्यम से पढ़ाई करना रोचक और आसान हो गया है. इसके बाद मुख्यमंत्री स्मार्ट क्लास में पहुंचे और छात्राओं से सहज अंदाज में उनके सपनों और करियर लक्ष्यों पर चर्चा की. किसी ने डॉक्टर, किसी ने वैज्ञानिक तो किसी ने प्रशासनिक अधिकारी बनने की इच्छा जताई. इस अवसर पर नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे.

### ज्ञान के दायरे को लगातार बढ़ाएं

मुख्यमंत्री ने छात्राओं को बड़े लक्ष्य तय कर निरंतर मेहनत करने का संदेश दिया. उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शासकीय विद्यालयों में आधुनिक सुविधाओं का विस्तार कर रही है ताकि बेटियों को विज्ञान, तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के पर्याप्त अवसर मिल सकें. उन्होंने विद्यार्थियों से जिज्ञासु बने रहने और ज्ञान के दायरे को लगातार बढ़ाने का आह्वान किया.